(ग) परियोजना को पूरा करने का समय, उसके शुरू होने की तारीख से 10 वर्ष है।

**ओपन स्कूल में घपला**

3221. **श्री नागमणि:**

**श्री कनकसिंह मोहन सिंह मंगरोला:**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या ओपन स्कूल में हुए घपले के संबंध में जिसकी केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच की जा रही थी, उसकी रिपोर्ट मिल गई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है तथा इस संबंध में दोषी पाए गए अधिकारियों और उन्हें दंड दिए जाने के संबंध में ब्यौरा क्या है?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया):** (क) और (ख) राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय के मामले में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में केन्द्रिय अन्वेषण ब्यूरो (सी०बी०आई०) ने स्वयं द्वारा शुरू की गई जांच/अन्वेषण की अपनी अंतिम रिपोर्ट अभी तक प्रस्तुत नहीं की है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**मंत्री के कार्यालय में फर्नीचर की आपूर्ति**

3222. **श्री कनक सिंह मोहन सिंह मंगरोला:** क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उर्वरक विभाग, मंत्री जी के कार्यालय में फर्नीचर एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति करता है;

(ख) यदि हां तो गत पांच वर्षों के दौरान मंत्री-वार कितने मूल्य के समान की आपूर्त की गई तथा कितने मूल्य का सामान वापस हुआ है;

(ग) क्या यह सच है कि कुछ सामान वापस हुए हैं परन्तु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मिली भगत के सामान गायब कर दिए गए हैं;

(घ) यदि हां, तो क्या पूर्व मंत्री जी के आपूर्तित सामान एवं वापस किए गए सामान के संबंध में मंत्रालय के अधिकारियों की भूमिका की जांच की गई है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री शीश राम ओला):** (क) जी, हां।

(ख) गत पांच वर्षों के दौरान मंत्री-वार आपूर्ति की गई मदों तथा वापस प्राप्त हुई मदों की लागत का ब्यौरा इस प्रकार है:—

| क्रम० सं० | मंत्री का नाम | मदों की लागत | | |
|---|---|---|---|---|
| | अवधि | आपूर्ति किया गया | वापस प्राप्त | बकाया |
| 1. | श्री चिन्ता मोहन, राज्य मंत्री जुलाई, 91 से 17.1.93 तक | 45,000 | 45,000 | — |
| 2. | श्री एडुवर्डो फलेरो, राज्य मंत्री 18.1.93 से मई, 96 तक | 6,23,331 | 5,44,903 | 78,428 |
| 3. | श्री राम लखन सिंह यादव, मंत्री फरवरी, 94 से मई, 96 तक | 15,79175 | 14,92,540 | 86,635 |

(ग) से (ङ) कुछ फर्नीचर तथा बिजली का सामान टूटी हुई हालत में प्राप्त हुआ है। ऐसी कोई सूचना नहीं है कि अधिकारियों तथा कर्मचारियों की मिलीभगत से सामान गायब किए जा रहे हैं। विभाग के अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता।

**Filling-up of Reserved Posts**

3223. SHRI MOHINDAR SINGH KALYAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the reserved posts meant for Scheduled Caste/